प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर जताई प्रसन्नता।

- सूचना व प्रसारण मंत्रालय में उपसचिव बृजेश गोदरा ने शिमला में मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों में लिया स्वच्छता का जायज़ा।

- मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के सौ कार्यालयों को ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विभाग के प्रयासों को सराहा।

- भाजपा का आरोप– वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हर मामले में पिछड़ा हिमाचल।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर प्रसन्नता जताई है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूरा देश उत्सव की भावना में डूबा हुआ है और श्रद्धा, स्नेह व परंपरा का संगम देखने को मिल रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में स्वदेशी वस्तुओं की भी जबरदस्त खरीददारी हुई है जो खुशी की बात है।

*जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में बहुत उत्साह है। इस बार त्योहारों में एक और सुखद बात देखने को मिली। बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। मैंने अपने पत्र में खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करने का भी आग्रह किया था, इस पर भी लोगों ने बहुत सकारात्मक रुख दिखाया है।*

ऑप्रेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऑप्रेशन ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि एक समय माओवादी आतंक से प्रभावित रहे इलाकों में भी इस बार खुशी के दीये जलाए गए।

*ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों का भविष्य संकट में डाल दिया था।*

प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की भी चर्चा की, जो 7 नवम्बर को अपनी रचना के एक सौ 50वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से वंदे मातरम् के महिमा मंडन के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदे मातरम एक सौ 50 के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

*7 नवंबर को हम 'वन्देमातरम्' के 150वें वर्ष के उत्सव में प्रवेश करने वाले हैं। 150 वर्ष पूर्व 'वन्देमातरम्' की रचना हुई थी और 1896 (अट्ठारह सौ छियानवे) में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पहली बार इसे गाया था। वन्देमातरम्' के गान में करोड़ों देशवासियों ने हमेशा राष्ट्र प्रेम के अपार उफान को महसूस किया है। 'वन्देमातरम्' हमारे इन प्रयासों में हमेशा हमारी प्रेरणा बनेगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 31 अक्तूबर को मनाई जाने वाली सरदार पटेल की जयंती पूरे देश के लिए विशेष है। उन्होंने सभी से देशभर में आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आह्वान किया।

*रन फॉर यूनिटी में आप भी जरूर शामिल हों – और अकेले नहीं सब को साथ लेकर के शामिल हों। एक प्रकार से युवा चेतना का ये अवसर बनना चाहिए एकता की दौड़, एकता को मजबूती देगी। ये उस महान विभूति के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि संस्कृति जगत और सोशल मीडिया ने संस्कृत को नया जीवन दिया है। उन्होंने संस्कृत से जुड़े रोचक कार्य करने वाले लोगों के उदाहरण भी दिए।

## निरीक्षण

देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सूचना व प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों में स्वच्छता को लेकर कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी कड़ी में मंत्रालय में उप–सचिव बृजेश गोदरा ने आज शिमला में आकाशवाणी और दूरदर्शन सहित मंत्रालय की अन्य इकाईयों में स्वच्छता को लेकर किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र शिमला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान हुए कार्यों पर संतोष जताया। बृजेश गोदरा ने स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को सुझाव भी दिए।

जैसा कि आप जानते हैं कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य स्च्छता को एक राष्ट्रीय संस्कृति बनाना और 2047 तक एक स्वच्छ विकसित भारत का निर्माण करना है। भारत सरकार का सूचना व प्रसारण मंत्रालय भी इस उद्देश्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में आज मैंने शिमला में मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों में स्वच्छता को लेकर किए गए कार्यों का निरीक्षण किया है। मुझे प्रसन्नता है कि सूचना व प्रसारण मंत्रालय की शिमला स्थित इकाईयों ने स्वच्छता को लेकर अच्छे कार्य किए हैं, विशेषकर आकाशवाणी व दूरदर्शन में स्वच्छता को लेकर किए गए प्रयास बेहद सराहनीय हैं। अन्य इकाईयों में भी स्वच्छता को लेकर अच्छे कार्य हो रहे हैं और जहां–जहां कुछ कमियां रही हैं वहां पर सुझाव भी दिए गए हैं ताकि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।

इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन केन्द्र हिमाचल प्रदेश के कलस्टर हैड व उप महानिदेशक कश्मीर सिंह, क्षेत्रीय समाचार प्रमुख रितेश कपूर और कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सराहना

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डिजिटल गवर्नेंस सुधारों के अनुरूप लोक निर्माण विभाग के सौ कार्यालयों को ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विभाग की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग में अब फाइलों का संचालन ई–ऑफिस के माध्यम से सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार विभाग में आंतरिक संचार भी अब आधिकारिक ईमेल के माध्यम से हो रहा है जिससे कार्य में अनावश्यक विलम्ब में कमी आई है। इस बीच लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि ये डिजिटल परिवर्तन विभाग को अधिक पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पिछले अढ़ाई वर्षों में लोक निर्माण विभाग और शहरी विकास विभाग को केन्द्र से वित्तीय सहायता के रूप में साढ़े 4 हज़ार करोड़ रूपए की राशि मिली है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पाहल में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही डेढ़ हज़ार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने पाहल में 2 सड़कों के शिलान्यास सहित राजकीय उच्च विद्यालय बमोत के परीक्षा केन्द्र का लोकार्पण भी किया। इससे पहले उन्होंने राजकीय विद्यालय कायना में विज्ञान प्रयोगशाला का भी उद्घाटन किया।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हिमाचल हर मामले में पिछड़ा है। सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के चण्डी–कशलोग में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 42 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज़ लेने के बावजूद भी प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि 5 लाख रोज़गार देने की गारंटी देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने नौकरियां देना पूरी तरह बंद कर दिया है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के जुब्बल में छात्राओं की राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 5 सौ छात्राएं भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने खेलों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि दिसम्बर माह में प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की 3 खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी जिसके लिए एक करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

## मैराथन

पर्यटन नगरी मनाली में आज सुबह मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें विदेशी पर्यटकों सहित करीब 6 सौ 80 धावकों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन के माध्यम से क्लीन मनाली–ग्रीन मनाली का संदेश दिया गया। इस मैराथन में गुजरात के सूरत निवासी संदीप पहले स्थान पर रहे। मनाली के एस.डी.एम. रमण कुमार ने मेधावी धावकों को सम्मानित किया।

**सेब कारोबार**

देश की आधुनिक मंडियों में शुमार सोलन सेब मंडी में इस बार सेब का 9 करोड़ रूपए का कारोबार हुआ है। इस सीज़न के दौरान करीब 20 लाख सेब पेटियां सोलन सब्ज़ी मण्डी पहुंची हैं। ए.पी.एम.सी. के सचिव राघव सूद ने बताया कि परवाणू सेब मण्डी में भी करीब 10 लाख सेब पेटियां पहुंच चुकी हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर जताई प्रसन्नता।

- सूचना व प्रसारण मंत्रालय में उपसचिव बृजेश गोदरा ने शिमला में मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों में लिया स्वच्छता का जायज़ा।

- मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के सौ कार्यालयों को ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विभाग के प्रयासों को सराहा।

- भाजपा का आरोप– वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हर मामले में पिछड़ा हिमाचल।